>

Title: Regarding demand of capturing dacoit Jagan Gurjar.

श्री हनुमान बैनिवाल (नागौर) : सभापति महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूँ । महोदय, राजस्थान ही नहीं, पूरे देश के अंदर चंबल के बीहड़ के नाम से अगर कोई प्रसिद्ध है, तो वहां के डाकू हैं । जब हम स्कूल-कालेज, यूनिवर्सिटी में पढ़ते थे, उस समय भी फिल्में भी बनीं तो वहां के डाकुओं पर बनी । एक जगन गुर्जर, जो कुख्यात डाकू है, वह 8-10 दिन पहले, जिसने तीन बार सरेंडर किया और जगन गुर्जर पर डेढ़ सौ से ज्यादा हत्या, लूट, डकैती के मुकदमें दर्ज हैं, सभापति महोदय, वह 70 मामलों में बरी हो गया, क्योंकि उसके आतंक से कोई कोर्ट में गवाही देने नहीं जाता था । अभी 12 जून को धौलपुर के बाड़ी में सरेआम व्यापारियों को पीटा और महिलाओं को निर्वस्त्र कर के उस जगन गुर्जर ने घुमाया । राजस्थान सरकार की कानून व्यवस्था फेल हो गई । इस डाकू को पकड़ने के लिए रात को भी बता रहे थे कि फायरिंग चल रही थी, पुलिस-बल गया था । लेकिन राजस्थान की पुलिस नाकाम है । मैं आपसे अनुरोध करना चाहूंगा कि केन्द्र इसके अंदर हस्तक्षेप करे । राजस्थान में अपराध बढ़ रहे हैं । अभी जो लोक सभा के चुनाव हुए हैं, उनमें कांग्रेस पार्टी बुरी तरह से हार गई । जगन गुर्जर जैसे डाकू, उससे पहले अलवर गैंग रेप का जो वीडियो वायरल हुआ, पूरे देश के अंदर राजस्थान शर्मसार हुआ । सभापति महोदय, मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि जगन गुर्जर जैसे डाकू का एन्काउंटर किया जाए । आजादी के 70 साल बाद भी इन डाकुओं के आतंक से लोग पलायन कर रहे हैं । मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान की जनता पीड़ित है । इस डाकू को तुरंत गिरफ्तार करने के लिए अर्धसैनिक बलों को भेजना पड़े तो उनको भेजा जाए । केन्द्र सरकार राजस्थान की सरकार से रिपोर्ट ले । …(व्यवधान)

माननीय सभापति: कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री हनुमान बैनिवाल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।